## एक नजर में

### भाजपा बिस्टान मंडल में हुआ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण



**बिस्टान, निप्र।** भाजपा बिस्टान मंडल अंतर्गत बूथ क्रमांक- 127 में प्रदेश उपाध्यक्ष व निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ। बिस्टान नगर परिषद सभागृह में हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी राजेश मालवीया ने बताया 'मन की बात' के 132वें एपिसोड के विशेष प्रसारण अवसर पर जिला महामंत्री विवेक भटोरे, वरिष्ठ नेता गुलाबचंद भावसार, पुरुषोत्तम गुप्ता, जगदीश पाटिल, आनंदराम यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बापूसिंह परिहार, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुगनकौर जाधव, पूर्व जिला मंत्री चंदरसिंह वास्कले, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष सोलंकी, बिस्टान मंडल अध्यक्ष बंटी राठौर, भगवानपुरा जनपद अध्यक्ष महेंद्र किराड़े, सिरवेल मंडल अध्यक्ष रुपेश मालवीया, नप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश राठौर, पूर्व जिलाध्यक्ष अजजा मोर्चा प्रेमसिंह सिसोदिया, नगर अध्यक्ष मांगीलाल राठौड़, पूर्व नगर अध्यक्ष जगदीश वाचकरिया सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ता व पदाधिकारी ने श्रवण किया। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एवं वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकारों के कार्यों का विस्तार से वर्णन किया। श्री शर्मा ने बताया भाजपा की सरकारों ने जन कल्याण एवं विकास कार्य के माध्यम से देश को विकास के पद पर अग्रसर किया है।

### सांवरिया सेठ की तर्ज पर खोली गई श्री रणजीत हनुमान की दान पेटी



**महेश्वर, निप्र।** महेश्वर के श्री रणजीत हनुमान मंदिर में चैत्र शुक्ल एकादशी संवत 2083 को श्री सांवरिया सेठ मंदिर की तर्ज पर दान पेटी खोल कर दान राशि की गणना की गई, मंदिर के मंगल प्रवेश के मात्र 11 दिनों में कुल 78300 रुपए की राशि दान पत्र में भक्तों के द्वारा अर्पित की, ये नगर की आस्था का जीवंत प्रमाण है। अब हर माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी को दान पात्र खोल कर गणना की जाएगी। श्री रणजीत हनुमान मंदिर समिति के द्वारा मंदिर में रोज नियमित पूजन हो इसके लिए श्री अनिल शर्मा को पुजारी नियुक्त किया गया। समिति के गजराज यादव, विशाल गीते, अनिल अग्रवाल, रोहित जोशी, नरेंद्र श्रीवास्तव, ओम राठौड़, प्रकाश उपाध्याय आदि उपस्थित रहें।

### भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याण के अवसर पर किया भजन संध्या का आयोजन



**सनावद, निप्र।** भगवान महावीर स्वामी के 2625 वे जन्म कल्याण महोत्सव के अवसर पर जैन परिसर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। सन्मति काका ने बताया की भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर आचार्य श्री वर्धमान सागर युवा संघ एवं आचार्य श्री वर्धमान सागर बहु मंडल के द्वारा वर्धमान एसोसिएशन चौक पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ नगर के सभी भजन मंडलियों के प्रमुख सूत्रधार रहने वाले सदस्यों के द्वारा किया गया। तत्पश्चात प्रदीप पंचोलिया के द्वारा मंगला चरण गीत प्रस्तुत किया गया पंकज जटाले के द्वारा महावीर की ध्वजा फहराई रही रे, प्रांशुल पंचोलिया के द्वारा के द्वारा में हो बाबा का सर्वेंट आदित्य पंचोलिया के द्वारा महा महोत्सव हे ये मंगलकारी, पुण्या जैन के द्वारा वीर आयेंगे वीर आयेंगे वीर आयेंगे सहित लक्ष्मी जैन, संगीता पाटोदी, पूर्णिमा जैन, निधि झांझरी, सारिका जैन सभ्यता जैन, प्रशांत चौधरी के द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिस पर सभी महिला पुरुषों के द्वारा नृत्य गरबा कर भक्ति की गई। अंत में प्रभावना वितरण की गयी इस अवसर पर सकल जैन समाज के महिला पुरुषों ने अपनी सहभागिता दर्ज करवाई।

### प्राणी मात्र के लिए हितकारी है भगवान महावीर के सिद्धान्त



**सनावद, निप्र।** नगर के संत निलय में विराजित आचार्य श्री कुमुदनन्दी जी एवं पट्टाचार्य श्री विप्रणत सागर महाराज ने महावीर जयन्ती पर दिये अपने सन्देश में बताया कि भगवान महावीर स्वामी के सन्देश वर्तमान में भी प्राणी मात्र के लिए उपयोगी एवं हितकारी है। पार्श्व ज्योति मंच के अध्यक्ष डॉ नरेंद्र जैन भारती से विशेष चर्चा में आचार्य श्री कुमुद नंदी जी महाराज ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी के सत्य, आहंसा, अस्तेय, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य के पंच सिद्धान्त सम्पूर्ण विकृतियों के उन्मूलन में समर्थ है। पट्टाचार्य श्री विप्रणत सागर महाराज ने बताया कि भगवान महावीर की वाणी में जहाँ 'जियो और जीने दो' की भावना पर बल दिया गया है वही समाज की सुरचना, सुव्यवस्था और अनु ?शासन का शंखनाद होता है। ये सिद्धांत प्राणी मात्र के लिए सर्वकालिक, हितकारी तथा शांति के प्रतीक है। आज सारी दुनिया अहं के भ्रम में शांति और वात्सल्य के साथ जीवन व्यतीत करना भूल गई है, ऐसी विषम परिस्थितियों में तीर्थंकर महावीर के सिद्धान्त अमृत संजीवनी के समान है। उन्होंने हमें प्रकृति के साथ जीना सिखाया है। आपके सिद्धान्त के मूल में अहिंसा है और अहिंसा के पालन में ही विश्व शांति निहित है, इसलिए भगवान महावीर के सिद्धान्त आज भी प्रासंगिक है। डॉ. नरेन्द्र जैन भारती ने आचार्य द्वय के त्यागमय जीवन की प्रशंसा की। इस मौके पर बसंत पंचोलिया, प्रियम जैन, सौरांश जैन, कमलेश भूंच ने आशीर्वाद लिया। रविवार को रथयात्रा सुबह 8 बजे की बड़ा जैन मन्दिर से निकाली जायेगी।

# खेलों से व्यक्तित्व और आत्मविश्वास में आता निखार

## पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का समापन

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** पीएम एक्सीलेंस कॉलेज अंतर्गत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरगोन के क्रीड़ा विभाग द्वारा आयोजित 15 दिवसीय 'वॉलीबॉल कौशल' प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। 10 मार्च से प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों ने वॉलीबॉल खेल के तकनीकी एवं रणनीतिक पहलुओं का गहन अभ्यास कर अपने खेल कौशल को सशक्त बनाया।





कॉलेज प्राचार्य डॉ. जी.एस. चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों के समग्र एवं सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों का उत्साह यह दर्शाता है कि वे खेलों को केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि करियर और जीवन कौशल के रूप में भी अपना रहे हैं। खेलों की वास्तविक सीख मैदान पर किए गए प्रायोगिक अभ्यास से ही प्राप्त होती है, जिससे तकनीक में निखार और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. डी.एस. बामनिया ने कहा कि खेल व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास का सशक्त माध्यम हैं। नियमित खेल गतिविधियाँ विद्यार्थियों में अनुशासन, सहनशीलता, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच का विकास करती हैं। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में खेल न केवल स्वास्थ्य का आधार हैं, बल्कि उज्ज्वल करियर की संभावनाओं के द्वार भी खोलते हैं। विशेष अतिथि प्रो. धर्मेंद्र पाटीदार ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. गगन चौधरी ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को वॉलीबॉल के बुनियादी एवं उन्नत कौशलों—सर्व (अंडरहैंड एवं ओवरहैंड), सेटिंग, स्मैशिंग, ब्लॉकिंग एवं डिफेंस—का नियमित अभ्यास कराया गया। इससे खिलाड़ियों की गति, संतुलन, समन्वय एवं निर्णय क्षमता में उल्लेखनीय सुधार हुआ। शिविर में कुल 30 प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता की, जिन्हें समापन अवसर पर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर वॉलीबॉल कोच श्री अतुल अत्रे को उनके उत्कृष्ट प्रशिक्षण एवं योगदान के लिए स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थी और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## नगर परिषद में एल्डरमैन नियुक्त

**महेश्वर, निप्र।** नगर परिषद महेश्वर में एल्डरमैन के रूप में योगेश गेहलोद, महेश चंदेरीवाल, जीतू साकले एवं सिंधु जोशी की नियुक्ति पर नगरवासियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया है।






नगर में इन नियुक्तियों को लेकर सकारात्मक माहौल देखने को मिल रहा है और सभी ने नव-नियुक्त एल्डरमैन को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। नव-नियुक्त एल्डरमैन से अपेक्षा की जा रही है कि वे अपने अनुभव, समर्पण एवं जनसेवा की भावना के साथ नगर परिषद के विकास, सुशासन एवं जनहित से जुड़े कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नगर के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा आमजन की समस्याओं के समाधान में उनका योगदान अहम रहेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नव-नियुक्त एल्डरमैन को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इनकी सक्रिय भागीदारी से महेश्वर क्षेत्र में विकास को नई दिशा और गति मिलेगी तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। अंत में सभी एल्डरमैन के उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना करते हुए उनके बेहतर भविष्य के लिए शुभेच्छाएं प्रेषित की गईं।

## पानी की टंकी निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप, शिकायत के बाद जांच की मांग

**गोगावा, निप्र।** जिले के गोगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत ठिबगांव बुजुर्ग में जल जीवन मिशन अंतर्गत नल-जल योजना के तहत पिछले वर्ष बनाई गई पानी की टंकी में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) द्वारा लाखों रुपये की लागत से निर्मित इस टंकी का निर्माण कार्य बेहद घटिया गुणवत्ता विहीन कार्य किया गया है।



इसके चलते टंकी की सीढ़ियां पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं थीं और जगह-जगह से टूट गई थी, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। गांव के राकेश सांवल्दे का आरोप है कि विभाग एवं ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की गई और घटिया सामग्री का उपयोग किया गया। इस पूरे मामले में ठेकेदार और विभाग के उप यंत्री सहायक यंत्री की मिलीभगत से भ्रष्टाचार होने के आरोप लगाए जा रहे हैं। उक्त घटिया निर्माण कों लेकर इस संबंध में शिकायत दर्ज कराते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई थी। शिकायत के बाद विभाग द्वारा रिपेयरिंग के नाम पर लीपापोती करकें अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो गया। जहां सीएम हेल्पलाइन दर्ज शिकायत को विभाग द्वारा 'फोर्स क्लोज कर दिया' बंद कर दिया गया है, जिससे शिकायतकर्ता ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि बिना उचित जांच के शिकायत को बंद करना कहीं न कहीं भ्रष्टाचार को संरक्षण देने जैसा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की पुनः जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना न हो।

## 100 डे टीबी मुक्त अभियान : कोरोमंडल कंपनी में लगा जागरूकता-जांच शिविर




**कसरावद, निप्र।** 100 डे टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत क्षेत्र में जागरूकता गतिविधियां शुरू हो गई हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.एस. चौहान के निर्देश पर एड्स नोडल अधिकारी डॉ. हर्ष महाजन एवं बीएमओ संतोष बड़ोले के मार्गदर्शन में 24 मार्च से अभियान की शुरुआत की गई।

इसी कड़ी में कोरोमंडल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में टीबी, एचआईवी/एड्स, सिफलिस एवं हेपेटाइटिस से बचाव को लेकर जागरूकता एवं जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वरिष्ठ टीबी लैब प्रभारी अमर राठौर ने टीबी जैसे संक्रामक रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं एड्स परामर्शदाता हिमांशु राठौर ने एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक किया तथा कुष्ठ प्रभारी सादिक खान ने टीबी एवं कुष्ठ रोग से बचाव के उपायों की जानकारी दी। शिविर के दौरान कंपनी के करीब 100 अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिकों की टीबी, एचआईवी, सिफलिस और हेपेटाइटिस की जांच लैब टेक्निकल स्टाफ बलराम पाटीदार एवं नवीन गांगले द्वारा की गई। कंपनी के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' का संदेश देते हुए अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**बड़वाह, निप्र।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 132 वें एपिसोड में वैश्विक युद्ध और ऊर्जा संकट पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात चुनौती पूर्ण हैं और देशवासियों को अफवाहों से बचते हुए एकजुट रहना चाहिए।



प्रधानमंत्री ने खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा का जिक्र करते हुए वहां की सरकारों का आभार जताया। भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता के नेतृत्व में सभी बुथो पर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बूथ नम्बर 64 भाजपा नेता रवि ऐरण के निवास पर नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता, वार्ड पार्षद रोहित चौरसिया सहित भाजपा कार्यकर्ताओ ने मन की बात सुनी। इस अवसर पर नपाध्यक्ष व पार्षद का भाजपा का गमछा पहनाकर स्वागत भी किया गया। इस दौरान सुबोध आरस, विक्रांत कोठारी सहित भाजपा नेता मोजूद थे। वहीं जयमलपुरा स्थित बूथ नंबर 58-59-60 का संयुक्त कार्यक्रम हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थीं।

बूथ अध्यक्ष राजेश गुर्जर एवं भैयालाल गुर्जर ने वार्ड पार्षद रजनी भंडारी एवं भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ महिलाओं का भाजपा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर रोमेश विजयवर्गीय, अशोक केवट, रेवाराम लीमनपुरे, रुपाली जैन, संतोष, उमाबाई, छमा बाई, मंजू बाई सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओ ने टीवी पर मोदीजी कि मन कि बात सुनी।

इसी तरह नगर मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता ने विभिन्न बुथो पर मन की बात सुनी। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम से हम सभी को बहुत कुछ जानने और समझने का अवसर मिलता है, यह काफी प्रेरणादायक कार्यक्रम है, इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी देश की विभिन्न विषयों पर सीधे जनता से अपने मन की बात कहते हैं, यह कार्यक्रम देशवासियों को एकजुट करने का काम करता है। उन्होंने कहा कि मन की बात से लोगों को नई ऊर्जा औविचार समाज सेवा को बढ़ावा देते हैं। इसी तरह सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी अपने-अपने बूथों पर बूथ कमेटी के साथ इस कार्यक्रम को सुना।

## शिक्षक हित में लोकसभा में गूंजा मुद्दा, सांसद गजेंद्रसिंह पटेल ने टीईटी नियमों पर पुनर्विचार की उठाई मांग

**खरगोन, निप्र।** खरगोन-बड़वानी लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल ने लोकसभा के शून्यकाल के दौरान मध्यप्रदेश के शिक्षकों से जुड़े एक महत्वपूर्ण विषय को प्रभावी ढंग से उठाया। उन्होंने शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) की अनिवार्यता पर पुनर्विचार करने की मांग केंद्र सरकार के समक्ष रखी।




सांसद पटेल ने सदन को अवगत कराया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन में म. प्र राज्य में प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों के लिए TET अनिवार्य किया गया है। जबकि बड़ी संख्या में ऐसे शिक्षक हैं जिनकी नियुक्ति शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने से पूर्व नियमानुसार की गई थी, उस समय TET का कोई प्रावधान नहीं था। उन्होंने कहा कि इन शिक्षकों की नियुक्ति तत्कालीन NCTE के नियमों के अंतर्गत पूरी तरह वैध रूप से हुई थी और वे वर्षों से निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वर्तमान में TET को अनिवार्य किए जाने से उन्हें व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनके मनोबल पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। ऐसी परिस्थितियों में TET की अनिवार्यता से राहत प्रदान करना न्यायसंगत और आवश्यक है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इस विषय पर संवेदनशीलता के साथ पुनर्विचार कर शिक्षकों के हित में उचित निर्णय लिया जाए, ताकि उनके अनुभव, सेवा और समर्पण का सम्मान बना रहे। उल्लेखनीय है कि इस विषय को विभिन्न जनप्रतिनिधियों का समर्थन प्राप्त हो रहा है तथा शिक्षक संगठनों द्वारा भी आवेदन प्रस्तुत कर इस मांग को प्रमुखता से उठाया गया है।

**एक नजर में** — पंचक्रोशी यात्रा का शुभारंभ मां अहिल्या घाट से मां नर्मदा के पूजन, अभिषेक और ध्वज पूजा से हुआ

# मां नर्मदा के जयघोष के साथ निकली माहिष्मती नर्मदा पंचक्रोशी पदयात्रा

**नवभारत न्यूज**

**महेश्वर, निप्र।** रविवार को नगर से श्रद्धा और आस्था के साथ हाथों में पवित्र ध्वज लेकर पांच दिवसीय पंचकोशी यात्रा का शुभारंभ मां अहिल्या घाट से मां नर्मदा के पूजन, अभिषेक एवं ध्वज पूजा से हुआ। पंडित प्रदीप शर्मा द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन कराया गया।





श्रद्धालु भगवान राजराजेश्वर मंदिर पहुंचे जहां भगवान शिव का अभिषेक पूजन के बाद यात्रा गांधी चौक, शीतला माता चौराहा, विजय स्तंभ चौराहा होते हुए श्रीमद भागवत रेवा गौशाला पहुची। इस अवसर पर केन्द्रीय समिति के सदस्यगण अनुराधा शर्मा, राधेश्याम शर्मा, खलघाट के शर्मा आदि भी उपस्थित थे। उल्लेख है कि शनिवार को भारी संख्या में प्रदेश के खंडवा, देवास, खरगोन, धार, शाजापुर, सीहोर इन्दौर आदि जिलों के श्रद्धालुओं के साथ सीमान्त राज्यों गुजरात, राजस्थान, और दूरस्थ स्थानों के पदयात्री यात्रा हेतु इस 40 वी यात्रा में सम्मिलित होने हेतु दिनभर अपने - अपने साधनों से परिवार जनों और मित्रों - परिचितों के साथ नर्मदा तट पर इकट्ठे हुए। स्थानीय सेवा समिति द्वारा नगर के प्रमुख बाजार चौक में टेन्ट लगाकर सभी पदयात्रियों को परिचय पत्र और मार्ग का रूट चार्ट वितरित कर उनका पंजीयन किया और यात्रा मार्ग में आने वाले मन्दिर और देव स्थानों की जानकारी दी और भीषण गर्मी में शीत जल भी उपलब्ध कराया गया। पूरे दिन मुख्यमार्ग और दुकानों में खूब हलचल रही और पदयात्रियों ने मार्ग में उपयोग आने वाली वस्तुओं की खरीदी की। रास्ते भर नर्मदा भक्त नाचते गाते निमाड़ की इस भीषण गर्मी में श्रद्धा के साथ यात्रा करते हैं। समिति द्वारा सम्पूर्ण स्वच्छता और नदी को साफ-स्वच्छ और पवित्र बनाए रखने की हिदायते दी। रात्रि करीब 1 बजे को सम्पूर्ण घाट क्षेत्र, किला क्षेत्र और मैदान खचाखच पदयात्रियों से भर गए। जहां से करीब 15000 श्रद्धालु अपने अगले पड़ाव चोली के लिए रवाना हुए। यात्रा का जगह-जगह नर्मदा भक्तों द्वारा स्वागत किया गया। पांच दिवसीय इस यात्रा का ग्राम चोली में पहला पडाव रहेगा। दूसरा पड़ाव ग्राम जलुद, तीसरा पड़ाव कसरावद एवं चौथा पड़ाव जलकोटी रहेगा। पांचवे दिन महेश्वर में ही पांच दिवसीय 70 किमी की यात्रा का समापन हनुमान जयंती पर होगा। हनुमान जयंती पर महेश्वर (माहिष्मती) पंचक्रोशी सेवा समिति की ओर से भंडारा प्रसादी का आयोजन सुबह नर्मदा तट पर रखा गया है।